Seventeenth Loksabha

>

Title: Regarding increasing incidents of crime in Maharashtra particularly in Mumbai-laid.

श्री गोपाल शेट्टी (मुम्बई उत्तर): मैं सरकार का ध्यान महाराष्ट्र राज्य में विशेषकर मुंबई शहर में बढ़ रही निरंतर हिंसा, हत्या और बैंक लूटपाट की ओर आकर्षित करना चाहूंगा । जिस देश में नारी को देवी के समान पूजा जाता है, उस देश के मुंबई महानगर में महिलाओं के साथ शर्मनाक और दर्दनाक हादसे हो रहे हैं । इस संबंध में, मैं सरकार का ध्यान मुंबई के निकट विरार में हुई इस दर्दनाक और जघन्य घटना की ओर दिलाना चाहूंगा, जिसमें आई0सी0आई0सी0आई0 बैंक की एक महिला प्रबंधक की दिनांक 29-07-2021 में बैंक लूटपाट के दौरान निर्मम हत्या कर दी गई और एक महिला कैरियर भी बुरी तरह से घायल हो गई ।

मेरा सरकार से अनुरोध है कि वह महाराष्ट्र राज्य में विशेषकर मुंबई महानगर में निरंतर बढ़ रहे अपराध, बैंक लूटपाट, हत्या इत्यादि पर अंकुश लगाए जाने हेतु सकारात्मक कदम उठाए ।